भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.68**
21.06.2019 को उत्तर के लिए

**बिल्हौर ताप विद्युत परियोजना को स्वीकृति**

68. श्री अशोक कुमार रावतः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी की 2×660 मेगावाट की बिल्हौर ताप विद्युत परियोजना को मंजूरी देने का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है या किए जाने का प्रस्ताव है?

<u>उत्तर</u>

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावडेकर)**

(क) और (ख) मंत्रालय को मै. एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा ग्राम दूरवा जमोली, तहसील बिल्हौर, जिला कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश में 2×600 मेगावाट बिल्हौर सुपर थर्मल विद्युत परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने का प्रस्ताव 24 जुलाई 2014 को प्राप्त हुआ है।

(ग) विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी-ताप विद्युत परियोजनाएं) द्वारा 28-29 अगस्त, 2014 को आयोजित अपनी बैठक में इस प्रस्ताव का मूल्यांकन किया गया है। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने पुनर्विचार करने हेतु भूमि उपयोग, निकासी प्रणाली-मानचित्र, प्राकृतिक निकासी रीति को बाधित ना करने के लिए योजना, भूमि जल के निष्कर्षण के लिए अनुमति, जल और अपशिष्ट जल का संतुलन डाईग्राम और फ्लाई ऐश की उपयोगिता योजना से संबंधित कतिपय सूचना मांगी थी। इस प्रस्ताव को 15 जून, 2015 को गैर-सूचीबद्ध किया गया है क्योंकि विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति द्वारा मांगी गई सूचना छः महीनों के बाद भी मै. एनटीपीसी द्वारा नहीं भेजी गई है।

****